# गडकरी ने सप्लाई चेन लिंक की 30 हजार करोड़ की 9 परियोजनाओं की घोषणा की

## राइज़िंग राजस्थान के सत्र में मुख्यमंत्री ने कहा, भारत का 40 प्रतिशत बाजार प्रदेश की सीधी पहुंच में है

- **गडकरी द्वारा घोषित परियोजनाओं में ग्रीन फील्ड हाईवे, एलिवेटेड रोड, बायपास आदि शामिल हैं।**
- **मुख्यमंत्री ने बताया कि देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान में देश का दूसरा सबसे बड़ा, 6000 कि.मी. का रेल नेटवर्क है तथा देश का तीसरा सबसे बड़ा, 3 लाख कि.मी. का रोड नेटवर्क है।**

जयपुर, 10 दिसम्बर। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत आयोजित "इन्फ्रास्ट्रक्चर-एन इम्पॉर्टैन्ट लिंक इन द सप्लाई चेन" सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए पानी, ऊर्जा, परिवहन और संचार मूलभूत आवश्यकताएं हैं। इन चारों क्षेत्रों को विकसित करने से देश-प्रदेश की प्रगति सुनिश्चित होगी। गडकरी ने राजस्थान को कई सौगातें देते हुए, 30 हजार करोड़ रुपये लागत की 800 किमी. लम्बी 9 परियोजनाओं की घोषणा की।

इन परियोजनाओं में 6500 करोड़ की लागत से उत्तरी जयपुर रिंग रोड, 6800 करोड़ की लागत से कोटपूतली से आगरा ग्रीनफील्ड हाइवे, 12 हजार करोड़ की लागत से जयपुर-किशनगढ़-जोधपुर से अमृतसर ग्रीनफील्ड हाइवे निर्माण, 538 करोड़ की लागत से पाली में रायपुर से जस्साखेड़ा तक एलीवेटेड रोड, 1400 करोड़ की लागत से नागौर से नेत्रा तक सड़क निर्माण, 500 करोड़ से सीकर-लक्ष्मणगढ़-फतेहपुर में बाइपास, 1400 करोड़ की लागत से झुन्झुनूं-चिड़ावा-सिंघाना-पचेरी सड़क निर्माण, 600 करोड़ की लागत से सिंघाना-खेतड़ी-जसरापुर-नगलीसलेदी-भाटीवाड़ सड़क निर्माण, 400 करोड़ की लागत से कुंडल-झाड़ौद खण्ड के भू-स्खलन क्षेत्र में सुधार कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बुनियादी सड़क तंत्र को विकसित करने में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का विशेष सहयोग है। प्रदेश के मरुस्थलीय क्षेत्र में 2 हजार किलोमीटर लंबाई के राजमार्गों का निर्माण तथा कई कस्बों और शहरों में बाइपास एवं रिंग रोड का निर्माण कर यातायात को सुगम बनाया है।

उन्होंने कहा कि हमारे यहां भारत का तीसरा सबसे बड़ा हाईवे नेटवर्क है, जो प्रदेश को देश के प्रमुख शहरों और औद्योगिक केन्द्रों से सीधे जोड़ता है। आज राजस्थान में 3 लाख किलोमीटर से अधिक लंबा रोड नेटवर्क है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में देश का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। 6 हजार किलोमीटर लंबा रेल नेटवर्क राज्य में और राज्य के बाहर माल ढुलाई को आसान बना रहा है। साथ ही, जयपुर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित, प्रदेश में 7 हवाई अड्डे हैं। हम हवाई संपर्क को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। प्रदेश में पहली बार 2 हजार 750 किलोमीटर लंबे 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, एन.एच.ए.आई. के चेयरमैन संतोष कुमार यादव, प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, बी.सी.डी. ग्रुप के सीईओ अशविंदर आर. सिंह सहित, बड़ी संख्या में सार्वजनिक निर्माण उद्योग से जुड़े निवेशक एवं उद्यमी उपस्थित थे।

### धनखड़ के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नोटिस पर हस्ताक्षर किए। जिस तरह से वो सदन का मार्गदर्शन करते हैं, उससे हम खुश है।"

मंगलवार को करीब 60 सांसदों ने, उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा चेयरमैन जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए एक नोटिस दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके संक्षिप्त कार्यकाल में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जहाँ उनका व्यवहार "विपक्षी सदस्यों के लिए स्पष्ट रुप से पक्षपातपूर्ण तथा अनुचित था।"

सांसदों ने, राज्यसभा सैक्रेटरी जनरल, पी.सी. मोदी को दिए अपने नोटिस में कहा, "जगदीप धनखड़ जिस तरीके से राज्यसभा के संसदीय मामलों का संचालन करते हैं, वह तरीका जबरदस्त पक्षपातपूर्ण है। यह एक रिकॉर्ड का मामला है कि जब विपक्ष के सदस्य बोल रहे होते हैं, उस समय धनखड़ उन्हें बार-बार टोकते हैं तथा बाधआ डालते हैं, विपक्ष के नेताओं को चुप करने के लिये अनुचित तरीके से विशेषाधिकार प्रस्तावों का प्रयोग करते हैं तथा सरकार की कार्यवाहियों के मामले में, विरोध तथा असमति को घोर अपमानजनक तरीके से साफतौर पर अतर्कसंगत, अनुचित एवं अप्रामाणिक ठहराते हैं।" विपक्षी सदस्यों का जोर इस बात पर है कि यह कदम "संसदीय लोकतंत्र की खातिर संघर्ष करने का एक सख्त संदेश" है। इस प्रकार का आरोप या अभियोग अब तक भारत के किसी भी उपराष्ट्रपति पर नहीं लगा है।

# जोधपुर के गाँव में दो बेटों व माँ ने आत्म हत्या की

## बड़े बेटे के रिश्तेदारों को वॉट्सएप पर सुसाइड नोट भेजा, उसके के बाद तीनों ने जहर पी लिया

- **सुसाइड नोट में चार लोगों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व झूठे इल्ज़ाम लगाने का आरोप लगाया है।**

जोधपुर, 10 दिसम्बर (कासं)। जोधपुर के ओसियां थाना क्षेत्र के बिगमी गांव में मां और 2 बेटों द्वारा सामूहिक आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बड़े बेटे ने वॉट्सऐप पर सुसाइड नोट अपने रिश्तेदारों को भेजा था। इसके बाद तीनों ने जहर पीकर अपनी जान दे दी।

मृतक भाईयों का 12 साल का मौसेरा भाई मैसेज मिलने के बाद जब उनके घर पहुंचा तो तीनों जमीन पर पड़े थे, मुंह से झाग निकल रहा था। ग्रामीणों की मदद से उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव ओसियां अस्पताल की मॉर्च्यूएरी में रखवाए हैं।

ग्रामीण एस.पी. राम मूर्ति जोशी ने बताया कि मां और उसके बेटों द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर जहरीला पदार्थ खाने से तीनों मौत होना माना जा रहा है।

ओसियां थाना प्रभारी राजेश कुमार गजराज ने बताया, भंवरी देवी (55) पत्नी अनोप सिंह राजपुरोहित, नवरत्न (27) और प्रदीप (24) ने आत्महत्या की है। तीनों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने से पूर्व नवरत्न ने एक मैसेज अपने रिश्तेदारों को भेजा था। इसमें 4 लोगों पर मानसिक प्रताड़ना देने के आरोप लगाए हैं। मैसेज में लिखा था, "हमको तंग करने वाले तथा झूठे इल्जाम लगाने वाले हमारी मौत के जिम्मेदार हैं। दिमागी ढंग से हमें टॉर्चर किया।"

जानकारी के अनुसार, नवरत्न और प्रदीप फायनैंस कंपनी में काम करते थे।

### धनखड़ के खिलाफ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फिर से हमला बोलने की अनुमति दे दी थी।

इस मुद्दे पर कल भी सदन स्थगित हो गया था तथा आज फिर स्थगित कर दिया गया।

सभापति धनखड़ ने भाजपा तथा कांग्रेस -दोनों के ही नेताओं को चर्चा के लिये अपने चैम्बर में बुलाया था लेकिन विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे नहीं गये थे।

जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी तथा तिरुचि सिवा ने विपक्ष का, तथा नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीज तथा एल मुरुगन ने सरकार का प्रतिनिधित्व किया था। चर्चा की शुरुआत ही नहीं हुई।

### हाईकोर्ट बार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में करीब एक दर्जन से अधिक महिला अधिवक्ताओं ने दम भरा है। बार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए इस बार महिला अधिवक्ता भी मैदान में हैं। चुनाव समिति से जुड़ी अधिवक्ता सारिका चौधरी ने बताया कि हाईकोर्ट बार अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता इन्द्रेश शर्मा, राजेश महर्षि, महेन्द्र शांडिल्य, संगीता शर्मा और राजीव कुमार सोनगरा ने नामांकन किया है। इसी तरह, उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए शालिनी श्योराण, सुनील कुमार शर्मा, वंदना शर्मा, प्रीति शर्मा, बाबूलाल शर्मा, संदीप कुमार मीणा और सुरेश कुमार ने नामांकन भरा है। वहीं, महासचिव पद के लिए राम रूप मीणा, रमित पारीक, अंकित सेठी, दीपेश शर्मा, राज सिंह, निशांत शर्मा और अशोक कुमार यादव ने नामांकन भरा है, जबकि संयुक्त सचिव के लिए सौरभ दुबे, अमित कुमार शर्मा और आमिर खान ने नामांकन किया है।

### उपभोक्ता आयोग ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बहन की 8 मार्च 2019 को होने वाली शादी के लिए 6 दिसंबर 2018 को विपक्षी मेक माई ट्रिप को बुकिंग राशि 46,774 रुपए भुगतान कर होटल ली मेरिडियन में कमरे बुक करवाए थे। शादी वाले दिन जब वे होटल पहुंचे तो होटल प्रबंधन ने उनके यहां पर कोई भी बुकिंग होने से मना कर दिया और उन्हें वहां से निकाल दिया। इसके साथ ही, उन्हें विपक्षी मेक माई ट्रिप से ही बात करने के लिए कहा, जिस पर परिवादी ने अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के लिए ज्यादा रेट पर दूसरे होटलों में कमरे बुक किए। परिवादी ने इसकी शिकायत विपक्षी से की, लेकिन उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया और न ही उसकी जमा राशि लौटाई। इस पर उसने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया। जवाब में होटल प्रबंधन की ओर से कहा कि उन्हें बुकिंग राशि ही प्राप्त नहीं हुई है, ऐसे में वह होटल में परिवादी को कमरा मुहैया कराने के लिए बाध्य नहीं है। परिवादी उनका उपभोक्ता नहीं है, इसलिए वे किसी भी तरह की क्षतिपूर्ति के लिए जवाबदेह नहीं हैं। आयोग ने माना कि मामले में बुकिंग एजेंसी की ही सेवा में कमी रही है इसलिए वह हर्जाने के लिए जिम्मेदार है।

### हाईकोर्ट ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुनवाई करते हुए, कर्मचारी चयन बोर्ड को विशेषज्ञ कमेटी गठित कर प्रश्नों का पुनः परीक्षण करने को कहा था। इसके साथ ही अदालत ने कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा परिणाम को संशोधित करने के निर्देश दिए थे। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि करीब 27 हजार पदों की इस भर्ती में करीब 25 हजार अभ्यर्थी कार्य ग्रहण कर चुके हैं।

### क्या आर.बी.आई...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वर्तमान वित्त वर्ष में भी ग्रोथ रेट का अनुमान 6.9 का प्रतिशत से घटा कर 6.7 प्रतिशत दिया है।

नोमूरा का अनुमान आमतौर पर भरोसेमंद होता है क्योंकि इसके पास विश्वस्तरीय विशेषज्ञ हैं और कंपनी गहन रिसर्च करती है तथा आर्थिक विश्लेषण में कंपनी का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है। हालांकि इनके अनुमानों की भी सीमाएं हैं। इस बीच मंगलवार को भारतीय रुपये की कीमत अब तक के सबसे निचले स्तर पर रही, आर.बी.आई. के नए गवर्नर की नियुक्ति ने अगले वर्ष रेट कट की उम्मीद बढ़ा दी है।

### राहुल-प्रियंका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

5 लोग मारे गये थे। पुलिस पर गोली चलाने का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था।

### मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां का हर कोना, अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, संस्कृति और विविधताओं का दर्शन करवाता है। यहां वाइल्ड लाइफ, वैलनैस, वैडिंग एवं धार्मिक पर्यटन बढ़ने के कारण होटलों की मांग तेजी से बढ़ रही है। राजस्थान में प्रतिवर्ष देष-विदेश से करोड़ों पर्यटक आते हैं।

शर्मा ने कहा कि हमने निवेषकों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां उन्हें हर संभव सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राज्य के विकास में भागीदार बनें तथा अपनी मातृभूमि में निवेश कर अपनी आने वाली पीढ़ी के जुड़ाव को मजबूत करें।

अनेक देशों व प्रदेशों से आए प्रवासी राजस्थानियों ने राज्य के विकास में भागीदार बनने की इच्छा जताई। प्रवासी उद्योगपति एन. सेठिया ग्रुप ऑफ कम्पनीज (यू.के.) के फ़ाउण्डर एवं चेयरमैन निर्मल कुमार सेठिया ने कहा कि सफल होने के साथ ही, हम सभी को एकता और मानवता को भी अपनाना चाहिए। राजस्थान बिजनेस एवं प्रोफ़ेशनल्स ग्रुप (दुबई) के चेयरमैन अशोक ओढरानी ने, राजस्थान सरकार द्वारा निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2024) निवेश के क्षेत्र में हॉलमार्क है। उन्होंने राजस्थान में व्यवसाय के विस्तार को लेकर रुचि व्यक्त की।

सी.जी. कॉर्प ग्रुप के चैयरमैन एवं नेपाल के संसद सदस्य डॉ. बिनोद चौधरी ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने प्रदेश की संस्कृति और विरासत के वाहक के रूप में देश-दुनिया में उद्यमिता के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है।

पीरामल ग्रुप के चेयरमैन अजय पीरामल ने कहा कि पीरामल फाउंडेशन राजस्थान सरकार के सहयोग के माध्यम से झुंझुनूं सहित राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।


इस अवसर पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने कहा कि राइजिंग राजस्थान राज्य सरकार का संकल्प है और प्रवासी राजस्थानी इस संकल्प को पूरा करने वाली टीम का अहम हिस्सा हैं।

कार्यक्रम में पश्चिमी राजस्थान के 108 लंगा एवं मांगणियार बाल-कलाकारों ने 'पधारो म्हारे देस' लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर 'प्रदेश में निवेश के अवसर' एवं 'प्रवासी राजस्थानी' थीम पर आधारित लघु फ़िल्में भी प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रीगण, विधायकगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी उपस्थित थे।

### इलाहाबाद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जस्टिस यादव "रैड लाइन" पार कर गये, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि किसी भी जज के प्रत्येक कथन या शब्द से सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की गहरी संवैधानिक निष्ठा प्रतिबिम्बित होनी ही चाहिये। उनका कहन है कि यादव के बयानों से संविधान तथा इसके उन लोकतांत्रिक आधारों का उल्लंघन हुआ है, जो समाज के सभी वर्गों, चाहे उनकी संख्या कितनी भी कम या ज्यादा हो, की गरिमा एवं अधिकारों की गारंटी देते हैं। जस्टिस यादव सितम्बर, 2021 में उस समय भी एक विवाद खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने कहा था कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाना चाहिये तथा गोरक्षा को हिन्दुओं के मौलिक अधिकार के रुप में रखा जाना चाहिये। उन्होंने तो यहाँ तक कह दिया था कि "वैज्ञानिकों का मानना है कि गाय ऐसा अकेला पशु है, जो साँस लेने के साथ ऑक्सीजन लेता भी है और निकालता भी है।"







राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908